NT>

Title: Need to shift Doordarshan Relay Centre to Akashvani Bhawan in Dhule Parliamentary Constituency, Maharashtra and also to start telecast of metro channel from there.

श्री रामदास रुपला गावीत (धुले) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र धुले (महाराट्र) में दूरदर्शन प्रसारण केन्द्र र्वा, 1984 में प्रारम्भ हुआ था, जिसकी प्रसारण क्षमता 25 कि.मी. है। अभी यहां पर मैट्रो चैनल प्रसारण हेतु सरकार द्वारा स्वीकृति के बाद इसके उपकरण भी आ चुके हैं, लेकिन यह दूरदर्शन केन्द्र एक किराये की बिल्डिंग में स्थित है तथा यहां पर जगह का भी अभाव है, बिल्डिंग भी काफी पुरानी हो चुकी है और इस पर बार-बार मरम्मत करने पर काफी धनराशि खर्च की जाती है, इसलिए यदि दूरदर्शन प्रसारण और आकाशवाणी केन्द्र एक ही भवन में यानी आकाशवाणी भवन धुले में रहे तो इससे सरकार के खर्च में भी बचत होगी और विभाग के कर्मचारियों को और आम नागरिकों को इससे सुविधा भी होगी।

अतः मैं आपके माध्यम से सूचना एवं प्रसारण मंत्री महोदया से निवेदन करना चाहता हूं कि दूरदर्शन प्रसारण केन्द्र धुले कार्यालय को वहां स्थित आकाशवाणी भवन के प्रांगण में शिफ्ट करने तथा मैट्रो चैनल का प्रसारण अविलम्ब शुरू करने हेतु उचित कार्रवाई करने का कट करें।